


नवभारत 10
इंदौर, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025


## एक नजर में

### भदौरिया का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन



**उज्जैन।** नीमच में खेली गई संभाग स्तरीय अंडर 17 फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने के कारण साईं स्पोर्ट्स क्लब उज्जैन के प्रतिभावान खिलाड़ी लालित्य महेन्द्र सिंग भदौरिया का चयन 8 से 12 अक्टूबर तक खालवा जिला खंडवा में खेली जाने वाली राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कोच गिरीश जोशी (छन्नू सर) ने लालित्य के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष विजय उषारिया, पूर्व साईं चीफ कोच दिलीप मेहता, पुर्व फुटबॉल प्लेयर शैलेन्द्र इमानुएल, मोहम्मद सदीक खान, देवव्रत यादव, ज्ञानसिंह गौतम, मनोज तिवारी, शेख फारूक, संजीव भार्गव, दीपचंद जायसवाल, श्याम यादव आदि ने बधाई प्रेषित की।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन संपन्न




**उज्जैन।** सवैया सम्राट दुलेसिंह सिकरवार स्मृति अभा कवि सम्मेलन 2 अक्टोबर की रात्रि को 8 बजे से शहीद पार्क पर आयोजित किया गया जिसका आयोजन अभिव्यक्ति मंच एंव दुलेसिंह सिकवार स्मृति मंच एंव मप्र शासन संस्कृति संचालनालय के सहयोग से आयोजित किया गया जो कि देर रात्रि 2 बजे तक चला। स्मृति मंच के संवरक्षक विक्रमादित्य विश्व विद्यालय के कार्यकारिणी सदस्य एवं क्षत्रिय महासभा अभा महामंत्री राजेशसिंह कूशवाह ने बताया कि 2 अक्टूबर दशहरे गांधी जयंती एवं स्व दुलेसिंह सिकरवार स्मृति 18 वें कवि सम्मेलन का आयोजन यादगार रहा। इस अवसर देवास के वरिष्ठ कवि देवकृष्ण व्याश को दुलेसिह सिकरवार स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। देवकृष्ण व्यास ने इस अवसर पर संघ के स्थापना दिवस की शताब्दी वर्ष पर शानदार कविता सुनाते हुए भारत माता की आरती उपस्थित सभी श्रोताओं से करवाई। कवि सम्मेलन का संचालन सोनभद्र के वरिष्ठ कवि कमलेश राजहंस ने किया। समारोह में नगरनिगम सभापति कलावती यादव ने कवियों का सम्मान करते हुए कवि सम्मेलन के शानदार आयोजन के लिये स्मृतिमंच के संयोजक श्यामसिंह सिकरवार एवं सहसंयोजक सतीस सागर को शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में पूर्व आईजी डॉ. रमणसिंह सिकरवार, प्रेसक्लब के उपाध्यक्ष डॉ. गणपतसिंह चौहान पार्षद नीलम कालरा मंच के चरणसिंह सिकरवार, रामसिंह सिकरवार, राजेशसिह सिकरवार, आशीषसिंह सिकरवार, पुष्पेन्द्रसिंह सिकरवार मंजू सिकरवार, कमल चौधरी, डॉ. राजेन्द्र भूतडा आदि कई श्रोतागण उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन देर रात्रि 2 बजे तक चला एवं अंत तक श्रोताओं ने अखिल भारतीय कवियों की कविताओं का आनन्द लिया।

### विजयादशमी पर्व पर महा आरती एवं कन्यापूजन



**उज्जैन।** कार्तिक मेला प्रांगण स्थित सिद्धवीर हनुमान मंदिर पर विजयादशमी के अवसर पर महाआरती ,कन्यापूजन ,कन्याभोजका आयोजन किया गया। सिद्धवीर हनुमान मंदिर कालका धाम पर गादीपति महंत मनोरमा भारती जो प्रत्येक वर्ष विजयादशमी पर्व पर कन्याभोज का कार्यक्रम करते हैं। जिसमें कन्यापूजन, कन्याभोज, भंडारे का वितरण,आयोजन किया गया। पुजारी पंडित अमरीश शुक्ला ने बताया की प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मंदिर पर कन्यभोज का कार्यक्रम किया गया। सिद्धवीर हनुमान मंदिर 108 हनुमान मंदिर में आते हैं और पुरातन काल से मंदिर क्षिप्रा के किनारे स्थित है। इस आयोजन में श्रद्धालुगण पंडित कुलदीप दुबे,पंडित पवनदीप दुबे,पंडित पंकज जोशी, पंडित महेंद्र उपाध्याय, पंडित वीरेंद्र त्रिवेदी, अभिषेक राठौर, मनीष चंदेल, आशीष जाधव, पंडित राजेंद्र बिल्लौर, राकेश पाठक, श्याम पंचोली, श्याम शर्मा,योगेश पंड्या एवम मातृशक्ति गायत्री शुक्ला, ऐश्वर्या दुबे, यामिनी जोशी,वर्षा शुक्ला, वर्षा राठौर, स्वाति उपाध्याय, राजेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

### समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र



**उज्जैन।** आशा एवं सुपरवाइजर कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर आशाओं की और सुपरवाइजर की समस्याओं के समाधान के लिए पत्र दिया। जिसमें मांग की कि आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को शीघ्र अति शीघ्र समाधान किया जाए तथा आशा और सुपरवाइजर को महीने की प्रत्येक 5 तारीख तक उनकी प्रोत्साहन राशि दी जाए क्योंकि आशा और सुपरवाइजर डेली वेतन भोगी जैसी श्रेणी में आते हैं। प्रदेश महामंत्री सुमन पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया है कि आशा और सुपरवाइजर को पिछले दो माह से प्रोत्साहन राशि नहीं मिल रही है। जिसके कारण आशा और सुपरवाइजर को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया की शीघ्र अति शीघ्र आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बहनों चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा हमें पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री जी हमारी समस्याओं का समाधान जरूर करेंगे। भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप गुर्जर की उपस्थिति में आशा एवं सुपरवाइज़र बहनों की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री जी से चर्चा की गई। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आशा एवं सुपरवाइज़र बहनों के लिए घोषित 1000 की राशि का आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की साथ ही आशा एवं सुपरवाइज़र बहनों की सेवा अवधि को 60 वर्ष में समाप्त न किया जाए।

### कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेगी जिला कांग्रेस

**उज्जैन।** तेज बारिश में किसानों की बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग के साथ किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। विधायक एवं जिलाध्यक्ष महेश परमार एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी की अगुवाई में 6 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जिसमें किसानों की समस्याओं को दूर करते हुए किसानों की बर्बाद हुई फसलों के मुआवजा दिलाने की मांग की जाएंगी।

# आउट सोर्स कर्मचारियों ने की दीपावली बोनस, वेतन की मांग

**उज्जैन। मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन के बैनर तले उज्जैन जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज के सभी आउट सोर्स कर्मचारियों की एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों की एक अति आवश्यक बैठक रखी गई। इस बैठक में आउट सोर्स कर्मचारियों द्वारा दो वर्षो का दीपावली बोनस ओर सितम्बर माह के वेतन को लेकर मांग की गई।**

इस मांग को संघ के अध्यक्ष हेमराज घावरी ने मान्य करते हुए निर्णय लिया कि कर्मचारियों को उनका हक अधिकार मिलना चाहिए। कालेज के प्राचार्य प्रभारी एससी सोलंकी को संघ के पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया। इसी तारतम्य में संघ के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराते हुये उद्धव देहराड़ी को कर्मचारियों की पांच सुत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आदिम जाति कल्याण विभाग के अंशकालीन कर्मचारियों को दीपावली त्यौहार को देखते हुए दीपावली के पहले वेतन दिया जाए ओर कलेक्टर कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रतिवर्ष वर्दी प्रदाय की जाए। बताया गया कि दीपावली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए यश गोविन्द मार्केटिंग ऐजेंसी के ठेकेदार द्वारा 10 अक्टूबर तक कर्मचारियों को बोनस एवं वेतन नहीं दिया गया तो 13 अक्टूबर 2025 से कर्मचारी काम बन्द हड़ताल पर चले जाएंगे। शासकीय कार्य प्रभावित होने पर जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी यश गोविन्द मार्केटिंग ऐजेंसी की होगी। साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की एवं कलेक्टर कार्यालय व तहसीलों के कर्मचारियों समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया। इस अवसर पर दशरथ सिहोते जिला उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र परमार विभागीय अध्यक्ष, रवि चौहान विभागीय अध्यक्ष, कैलाश मालवीय घटिया तहसील अध्यक्ष, हरिवंशराय फ़तरोड़, भैरूलाल मालवीय एवं अधिक संख्या में महिला शक्ति उपस्थित रही। यह जानकारी जिला सचिव मुकेश रायकवार ने दी।



## हिन्दू उत्सव समिति ने कृषि उपज मंडी में किया रावण दहन




**उन्हेल।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हिंदू उत्सव समिति ने कृषि उपज मंडी प्रांगण में दशहरा उत्सव कार्यक्रम मनाया। जिसमें भगवान राम की शोभायात्रा नगर के मार्ग से निकलकर दशहरा मैदान मंडी प्रांगण पहुंची। अतिथि द्वारा भगवान रामेश्वर की पूजा कर विधिवत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथि का स्वागत समिति के संरक्षक व अध्यक्ष द्वारा साफा बांधकर किया गया। अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हल्कारा ने की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत गोपाल कृष्ण महाराज, व समाज सेवी बालाराम खींची रहे। अतिथि परिचय हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कराया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत गोपाल कृष्ण महाराज का सम्मान शाल फल देकर किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हल्कारा नगर के सभी को विजयादशमी की बधाई दी। हिंदू उत्सव समिति ने तहसीलदार अनिल मोरे तथा उन्हेल थाना प्रभारी संतोष कुमार चौहान का भी साफा बांधकर पुष्पलाप से स्वागत किया। संचालन व आभार समिति के सचिव अतुल उपाध्याय ने किया।

## संगम ग्रुप की संगीतमय भजन संध्या पर झूमे श्रद्धालु







**बड़नगर।** शुक्रवार शाम को जूना शहर स्थित संगम ग्रुप ने माता जी एवं श्री सांवलिया सेठ के पावन नाम पर एक भव्य सांस्कृतिक भजन संध्या का रोड शो का आयोजन किया गया। जिसने नगरवासियों को भक्ति, संगीत और परंपरा के रंगों में सराबोर कर दिया। संगम ग्रुप द्वारा अपने 34 वें वर्ष में माता जी की स्थापना पर भव्य भजन संध्या रोड़ शो का आयोजन रखा गया। जिसमें राजस्थान की गायिका निशा सुधार एवं गायक बबलू राजस्थानी ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जिनमें भक्ति की गहराई और संगीत की मधुरता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही श्री सांवलिया सेठ एवं संगम की महारानी की अलौकिक झांकी। जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।रोड शो का शुभारंभ शाम 6 बजे संगम ग्रुप, जूना शहर से हुआ। जो तेजाजी चौक तक भव्य रूप से निकाला गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस शो में भाग लेकर धार्मिक उत्साह और सामूहिक एकता का परिचय दिया। संगम ग्रुप का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और समूह की सामाजिक प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है।

## मध्यप्रदेश बाह्य स्त्रोत कर्मचारी संगठन का दशहरा मिलन समारोह संपन्न




**उज्जैन। मध्यप्रदेश बाह्य स्त्रोत कर्मचारी संगठन द्वारा दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।**

अध्यक्षता शिव नारायण राजपूत प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत कर्मचारी संगठन, राहुल मालवीय प्रदेश महा मंत्री ने की। मुख्य अतिथि कुलदीप सिंह गुर्जर महामंत्री भारतीय मजदूर संघ, सुलतान सिंह शेखावत पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल रहे। विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार पांडे, महामंत्री, बिजली कर्मचारी महासंघ, गोपाल जमालिया, अध्यक्ष बिजली कर्मचारी महासंघ पश्चिम क्षेत्र, आनंद शिंदे, कार्यकारी अध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ, सतीश शर्मा, विभाग प्रमुख भारतीय मजदूर संघ उज्जैन, किशन सिंह शेखावत, जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ उज्जैन रहे। 4 अक्टूबर शनिवार दोपहर 3 बजे से आशीर्वाद गार्डन, मंगलनाथ रोड पर आयोजित समारोह में योगेन्द्र पिपले देवास, मनीष सेन बड़वानी प्रदेश उपाध्यक्ष, दिनेश पाटीदार झाबुआ, प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम मिश्रा, जनरेश कंपनी अध्यक्ष, सतीश साहू पूर्व क्षेत्र कंपनी अध्यक्ष, करण चौहान पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष, शेख शारिक, उज्जैन पंकज डूंगरडिया, जिला अध्यक्ष उज्जैन प्रशांत राव, जिला अध्यक्ष मंदसौर, कुलदीप राजपूत, जिला अध्यक्ष देवास, हरिनारायण चौहान जिला अध्यक्ष आगर मालवा, अनिल ग्वाले जिला अध्यक्ष रतलाम, दिलीप सिंह तोमर जिला अध्यक्ष इंदौर, अनिल प्रजापति जिला अध्यक्ष खरगौन निखिलेश जिला अध्यक्ष, अलीराजपुर, गणेश पाटीदार झाबुआ जिला अध्यक्ष आदि मौजूद रहे। दशहरा मिलन समारोह में आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा की गई। आने वाले समय में विद्युत के क्षेत्र में संविदा और आउटसोर्स के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु नियमित कर्मचारी के तहत संविलियन करने की प्रक्रिया को प्रारंभ की जाएगी।

## सरकार ने बता दिया कि वह किसानों के हित में हर संभव मदद को तैयार है : पंड्या



**बड़नगर। स्थानीय रेस्ट हाउस पर आयोजित भावांतर योजना की तैयारी बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं तहसील के राजस्व, कृषि एवं मंडी एवं खाद्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए भावांतर योजना के बारे में विस्तृत चर्चा में यह बात विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या द्वारा कही गई साथ ही किसानों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के अपील की।**

विधायक पंड्या ने निर्देश भी दिए गए की मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी भावांतर योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी धीरेन्द्र पाराशर के नेतृत्व में इस योजना से संबंधित समस्त विभागों के कर्मचारी अधिकारियों की विस्तृत बैठक की जाए। जिसमें सबके दायित्व बांटते हुए समय पूर्व तैयारी पूर्ण की जाए। इसी तारतम्य में कृषि उपज मंडी में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कृषि विभाग से जितेंद्र सोलंकी, राजस्व सहकारिता निरीक्षक आशीष शर्मा, मंडी सचिव अनारे एवं खाद्य विभाग से रविंद्र सेंगर सहित विभागों के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही। बैठक में भावांतर योजना से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। भावांतर योजना में किसानों का पंजीयन कुल 32 केंद्र पर किया जा रहा है। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा योजना प्रावधानों का व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश दिए गए। किसान इस योजना का लाभ लेने के लिए 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक मंडी में उपज विक्रय कर सकेंगे। जानकारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उदय कुमार अग्निहोत्री ने दी।

**राष्ट्रीय अधिवेशन** संघ शताब्दी वर्ष - उज्जैन में आज 7 अलग-अलग स्थानों से निकलेगा पथ संचलन, 20 हजार स्वयंसेवक होंगे शामिल

# सभी जगह एक साथ सायं 4 बजे शुरू होगा संचलन, तैयारियां पूरी

**उज्जैन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संघ शताब्दी वर्ष विजयादशमी पर्व के साथ ही शुरू हो गया है। विजयादशमी उत्सव के उपलक्ष्य में 5 अक्टूबर, रविवार को उज्जैन महानगर में भव्य पथ संचलन निकालने की तैयारियां पूरी हो गई है। सात अलग-अलग नगर से स्वयंसेवक निर्धारित मार्गों से अनुशासनबद्ध संचलन करते हुए शहरवासियों को एकता, राष्ट्रभक्ति और संस्कारों का संदेश देंगे। सात स्थानों (नगर) से निकलने वाले ऐतिहासिक संचलन में लगभग 20 हजार स्वयंसेवकों के शामिल होने का अनुमान है। प्रत्येक नगर से 3 हजार के आस-पास स्वयंसेवक संचलन में निकलेंगे। सभी स्थानों से संचलन के निकलने का समय सायं 4 बजे रहेगा। संचलन के पूर्व संघ के वरिष्ठ अधिकारी स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और पेशेवर क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर निकलने वाले पथ संचलन को लेकर स्वयंसेवकों और शहरवासियों में उत्साह का वातावरण है। मार्गों की सफाई, यातायात व्यवस्था और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

विक्रमादित्य नगर का संचलन क्षीरसागर मैदान से होकर घाटी, नई सड़क, तेलीवाड़ा, गीता कॉलोनी, बियाबानी चौराहा और मेट्रो टॉकीज मार्ग से निकलकर पुनः क्षीरसागर मैदान पहुंचेगा। राकेश वर्मा, अध्यक्ष आदिवासी मांझी समाज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे एवं शम्भू प्रसाद गिरी, अखिल भारतीय सह संयोजक, ग्राम विकास स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे।

> **प्रत्येक नगर का अलग संचलन मार्ग**
>
> केशव नगर का संचलन देवास गेट स्थित पुराना माधव कॉलेज मैदान से प्रारंभ होकर मालीपुरा, दौलतगंज, महाकाल चौराहा, गुदरी, गोपाल मंदिर, छत्री चौक, बड़ा सराफा, सतीगेट, नई सड़क और आर्यसमाज मार्ग से होते हुए पुन: माधव कॉलेज पर सम्पन्न होगा। संचलन कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित अमर डब्बावाला, अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा युवा अध्यक्ष करेंगे एवं अशोक सोहनी, वरिष्ठ स्वयंसेवक का उद्बोधन रहेगा।

मधुकर नगर का संचलन पीपलीनाका चौराहे के समीप गुमानदेव मैदान से शुरू होकर जाट धर्मशाला, गांधी नगर, फल मंडी, पिपलिनाका होते हुए पुनः गुमानदेव मैदान पर समाप्त होगा। महंत श्री विशाल दासजी महाराज, निर्वाणी अखाड़ा एवं अध्यक्ष, अखिल भारतीय संत समिति जिला उज्जैन अध्यक्षता करेंगे एवं गोपाल देराड़ी, प्रांत कार्यकारिणी निमंत्रित सदस्य वक्तव्य देंगे।

सुदर्शन नगर का पथ संचलन सेंट पॉल स्कूल के सामने वाले मैदान से प्रारंभ होकर आगर रोड, 5 नम्बर नाका, बापू नगर, कानीपुरा रोड, मक्सी रोड से होता हुआ वापस सेंट पॉल स्कूल पर पहुंचेगा। अवतार सिंह अरोरा, पेट्रोल पम्प व्यवसायी, कानीपुरा रोड कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे एवं विक्रम रघुवंशी, प्रांत धर्म जागरण संयोजक उद्बोधन देंगे।

माधव नगर का पथ संचलन दशहरा मैदान से निकलकर सुराना पैलेस, सेठिनगर, लक्ष्मीनगर, अशोक नगर, सांदीपनि चौराहा, पुलिस कंट्रोल रूम, लिनन शोरूम से होते हुए पुनः दशहरा मैदान पर सम्पन्न होगा। अकृत जैन, चार्टर्ड एकाउंटेंट, वर्तमान अध्यक्ष - इंस्टिट्यूट आफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, उज्जैन शाखा अध्यक्षता करेंगे एवं गिरीशजी, इंदौर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता होंगे। राजेन्द्र नगर का मार्ग शास्त्री नगर मैदान से प्रारंभ होकर शांति नगर, न्यू इंदिरा नगर, सिंधी कॉलोनी होते हुए पुनः मैदान पर समाप्त होगा। डॉ. ऋद्धि खण्डेलवाल, संचालक वृद्धि डायग्नोस्टिक, फ्रीगंज उज्जैन अध्यक्षता करेगी एवं दिनेश गुप्ता प्रांत संयोजक, सद्भाव कार्य स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे।

कालिदास नगर का संचलन श्री गुरुजी खेल प्रशाल (स्पोर्ट्स एरीना, महानंदानगर) से होकर महानंदा नगर कॉम्प्लेक्स, अलकनंदा नगर, जवाहर नगर और ट्रेजर बाजार मार्ग से होता हुआ पुनः खेल प्रशाल पर समाप्त होगा। रमन सिंह सिकरवार, रिटायर्ड डीआईजी, बसंत विहार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे एवं चेन राम जैन, प्रांत सह संयोजक, घुमंतू कार्य उद्बोधन देंगे। यह जानकारी ओजस व्यास, प्रचार प्रमुख, उज्जैन महानगर प्रचार विभाग, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उज्जैन ने दी।